RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 227 • 28:08:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-

# सोने से सजी चांदी की कामधेनु गाय के दूध से भगवान कृष्ण का अभिषेक

**जन्माष्टमी उत्सव**

एजेंसी। मथुरा



मथुरा-वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के मौके पर लाखों लोगों वहां पहुंचे। भारी भीड़ और उत्साह के साथ पहुंचे भक्तों देर रात तक जय नंदलाला,जय गोपाला जपते रहे। मथुरा में श्री कृष्ण जन्मस्थान पर नंदलाल का 1008 कमल पुष्पों से अर्चन किया गया। 11 बजकर 55 मिनट पर 5 मिनट के लिए पट बंद कर दिए गए थे। 12 बजकर 5 मिनट पर भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा को गर्भ गृह से बाहर लाया गया। सोने से सजी चांदी की कामधेनु गाय के दूध से भगवान कृष्ण का अभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान को चांदी के कमल पर बिठाकर 5 क्विंटल पंचामृत से स्नान कराया गया। यह अभिषेक रात 12 बजकर 40 मिनट तक चला। मथुरा-वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के मौके पर उमड़ी भीड़ के बीच सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय मथुरा प्रवास में दूसरे दिन सोमवार सुबह श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे और उन्होंने ठाकुर केशवदेव, गर्भगृह एवं भागवत भवन के युगल सरकार का दर्शन व पूजन कर जगत कल्याण की कामना की। योगी ने पोस्ट में कहा, "पावन नगरी मथुरा में आज योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण और श्री राधा रानी के दिव्य और मनोहारी स्वरूप के दर्शन-पूजन किए। दुःखभंजन, यशोदानंदन, भगवान श्रीकृष्ण एवं श्री राधा जी की अनुकम्पा संपूर्ण सृष्टि पर बनी रहे, चराचर जगत का कल्याण हो। कृष्ण कन्हैया लाल की जय! वृंदावन बिहारी लाल की जय! बयान के अनुसार योगी ने अपने संबोधन में कहा, आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व है। 5251 वर्ष पूर्व श्री हरि भगवान विष्णु के पूर्ण अवतार के रूप में लीलाधर भगवान श्रीकृष्ण ने मां देवकी व वासुदेव के पुत्र के रूप में इस धरा धाम पर अवतरित होकर धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना का कार्य द्वापर युग में पूर्ण करके श्रीमद्भागवत के शाश्वत मंत्रों के माध्यम से नई संजीवनी दी। मुख्यमंत्री ने कहा, यही कामना करता हूं कि प्रभु की कृपा से देश व प्रदेश पर सुख, समृद्धि बरसती रहे। पांच हजार वर्ष पूर्व उन्होंने धर्म के पथ का अनुसरण करने, सत्य व न्याय का संदेश दिया था, उस मार्ग का अनुसरण करते हुए हम सभी लोकमंगल व राष्ट्रमंडल के अभियान के प्रति पूर्ण समर्पण भाव के साथ कार्य कर सकें।

## जन्माष्टमी पर देश भर में 25 हज़ार करोड़ का कारोबार

**नई दिल्ली**। देश भर में जन्माष्टमी का त्यौहार बेहद धूम धाम से मनाया गया और देश भर के मंदिरों में कहाँ सजावट हुई वहीं दूसरी ओर लोगों ने भी अपने घरों के मंदिरों एवं पूजा स्थलों को सुंदर तरीक़े से सजाया। कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मुताबिक़ देश भर में जन्माष्टमी के मौक़े पर लगभग 25 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार हुआ। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री तथा चाँदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि इस बेहद महत्वपूर्ण त्यौहार पर हुए बड़े व्यापार में ख़ास तौर पर फूल, फल, मिठाई, भगवान की पोशाक, श्रृंगार का सामान, व्रत की मिठाइयाँ, दूध दही, माखन तथा ड्राई फ़्रूट की बड़े पैमाने पर बिक्री हुई। श्री खंडेलवाल ने कहा कि जन्माष्टमी जैसे त्यौहार देश में सनातन अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे देश की अर्थव्यवस्था मज़बूत होती है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया ने बताया कि देश भर में जन्माष्टमी का त्यौहार बेहद उत्साह से मनाया गया। ख़ास तौर पर उत्तर एवं पश्चिम भारत में यह त्यौहार खूब उल्लास से मना। मंदिरों में खूब आकर्षक सजावट की गई तथा लोगों में दर्शन करने की भारी भीड़ हर तरफ़ दिखाई दे। उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी त्यौहार का विशेष आकर्षण डिजिटल झांकियाँ, भगवान कृष्ण के साथ सेल्फ़ी पॉइंट, अन्य अनेक प्रकार की मनोरम झांकियाँ रहीं।



## जेलेंस्की से मुलाकातः बाइडन ने पीएम मोदी से फोन पर पूछ ही लिया क्या हुआ?

एजेंसी। वाशिंगटन



रूस-यूक्रेन जंग के बीच पीएम मोदी वोलोदिमिर जेलेंस्की को शांति का संदेश देकर वापस आ चुके हैं। पहले पुतिन और फिर जेलेंस्की से मुलाकात कर पीएम मोदी ने यूक्रेन जंग में भारत के स्टैंड को क्लियर कर दिया है। पीएम मोदी ने यूक्रेन और रूस दोनों से साफ कह दिया है कि जंग से किसी का भला नहीं होगा। शांति और बातचीत ही एक मात्र रास्ता है। पूरी दुनिया जानना चाहती है कि आखिर पीएम मोदी और जेलेंस्की के बीच मुलाकात में क्या हुआ? यूक्रेन की राजधानी कीव में पीएम मोदी और व्लादिमीर जेलेंस्की के बीच क्या-क्या बात हुई, यह जानने को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भी काफी बेताब थे। जैसे ही पीएम मोदी दिल्ली लौटे, जो बाइडन ने फोन मिला दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ फोन पर हुई बातचीत में अपनी हालिया यूक्रेन यात्रा सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बाइडन के साथ फोन कॉल पर प्रधानमंत्री मोदी ने दोहराया कि भारत क्षेत्र में यथाशीघ्र शांति और स्थिरता लाने के लिए पूरा सहयोग करेगा। साथ ही बताया कि उनके बीच क्या-क्या बात हुई। पीएम मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कहा था कि यूक्रेन और रूस को युद्ध खत्म करने के लिए साथ बैठना चाहिए और भारत शांति बहाल करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार है। पीएम मोदी ने जो बाइडन को यह बात भी बताई है। पीएम मोदी ने बांग्लादेश के मुद्दे पर भी जो बाइडन के साथ बातचीत की है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने और बाइडन ने बांग्लादेश के हालात पर भी चर्चा की और सामान्य स्थिति की शीघ्र बहाली और अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आज फोन पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से बात हुई। हमने यूक्रेन के हालात समेत विभिन्न क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। मैंने शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए भारत की ओर से पूर्ण समर्थन की बात दोहराई। उन्होंने कहा, 'हमने बांग्लादेश के हालात पर भी चर्चा की और सामान्य स्थिति की शीघ्र बहाली तथा बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**संक्षिप्त समाचार**

### भारत और चीन दोनों ने श्रीलंका के बंदरगाह पर साथ खड़े कर दिए युद्धपोत



**कोलंबो**। हिंद महासागर क्षेत्र अब चीन और भारत का नया रणनीतिक अखाड़ा बनता नजर आ रहा है। इसका एक उदाहरण सोमवार को देखने को मिला, जब एक भारतीय युद्धपोत श्रीलंका के कोलंबो में बंदरगाह पर पहुंचा और संयोग से तब चीन के तीन युद्धपोत भी पहुंच गए। खास बात है कि पहले भी भारत श्रीलंका में चीनी युद्धपोत, जासूसी नौकाएं और पनडुब्बियों के ठहरने पर कोलंबो के सामने अपनी आपत्ति दर्ज करा चुका है। भारतीय उच्चायोग ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा था कि आईएनएस मुंबई 163 मीटर लंबा विध्वंसक पोत है जिस पर 410 सदस्यों का चालक दल सवार है। उच्चायोग ने कहा कि यह जहाज श्रीलंका के किसी बंदरगाह पर पहली बार आया है। इस बीच, श्रीलंका नौसेना ने कहा कि चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की नौसेना के तीन युद्धपोत हे फेई, वुझिशान और किलियानशान भी सोमवार सुबह औपचारिक यात्रा पर कोलंबो बंदरगाह पहुंचे।

### गुजरात में बाढ़ जैसे हालात, तीन की मौत, 17 हजार लोगों का किया रेस्क्यू



**अहमदाबाद**। गुजरात में भारी बारिश के चलते कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। पिछले 24 घंटे में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। एनडीआरएफ-एसडीआरएफ टीम बचाव कार्य में जुटी है। अब तक 17 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया दिया गया है। गुजरात के बाजवा रेलवे स्टेशन पर पानी भरने से अहमदाबाद-मुंबई रूट की 30 ट्रेनें को रद्द कर दिया गया है। 22 स्टेट हाईवे और 586 सड़कें बंद हो गई हैं। वहीं एसटी बसों को भी रद्द कर दिया गया है। अहमदाबाद एयरपोर्ट से खबर मिली है कि खराब मौसम के चलते कई फ्लाइट्स प्रभावित हो सकती हैं। बता दें वडोदरा में सोमवार को 12 घंटे में 26 सेंटीमीटर बारिश हुई जो एक रिकॉर्ड है। अहमदाबाद में दस, राजकोट में नौ तो भुज में आठ सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई है। मंगलवार सुबह गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने कलेक्टर के साथ बैठक की, जिसमें राज्य के सभी प्राइमरी स्कूलों को आज बंद रखने की घोषणा की गई। राजस्थान में एक अगस्त से 26 अगस्त के बीच रिकॉर्ड 315 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। पिछले 13 साल में अगस्त माह में इतनी बारिश नहीं हुई। मध्य प्रदेश में अब तक सीजन की 88फीसदी बारिश हो चुकी है। अलीराजपुर जिले में भारी बारिश के चलते स्कूलों की छुट्टी कर दी गई। यूपी की बात करें तो यहां 15 जिलों में चार नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है।

## जम्मू-कश्मीर चुनावः भाजपा के बाद अब कांग्रेस ने 9 उम्मीदवारों का किया ऐलान

एजेंसी। श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। सियासी दल अपने उम्मीदवारों के नाम फायनल करने में लगे हुए हैं। बीते रोज भाजपा ने पहली सूची जारी की थी, तो आज दूसरे दिन कांग्रेस ने 9 नामो वाली अपनी पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने अपने जम्मू-कश्मीर इकाई के दो पूर्व अध्यक्षों, गुलाम अहमद मीर और विकार रसूल वानी को क्रमशः डोरू और बनिहाल विधानसभा क्षेत्रों से मैदान में उतारा है। पार्टी ने सुरिंदर सिंह चन्नी (त्राल), अमानुल्लाह मंटू (देवसर), पीरजादा मोहम्मद सैयद (अनंतनाग), शेख जफरुल्लाह (इंदरवाल), नदीम शरीफ (भद्रवाह), शेख रियाज (डोडा) और डॉ प्रदीप कुमार भगत (डोडा पश्चिम) को भी उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व प्रमुख राहुल गांधी के बीच एक बैठक में इन नामों पर मुहर लगी थी। नेशनल कांफ्रेंस ने 18 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की वहीं नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) ने सोमवार को 18 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव तीन चरण में होंगे और नेकां ने पहले चरण के लिए 18 उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सूची को मंजूरी दी है। पार्टी ने अनंतनाग से पूर्व सांसद न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हसनैन मसूदी को पंपोर से और पूर्व विधायक मोहम्मद खलील बांद को पुलवामा से उम्मीदवार बनाया है। नेकां ने राजपोरा से गुलाम मोहि-उद-दीन मीर, जैनपोरा से शौकत हुसैन गनी, शोपियां से शेख मोहम्मद रफी और डीएच पोरा से पूर्व मंत्री सकीना इट्टू को उम्मीदवार बनाया है।

**कांग्रेस 37 सीटों पर चुनाव लड़ेगी** : कांग्रेस यह चुनाव अपने इंडी गठबंधन सहयोगी नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर लड़ेगी। दोनों के बीच समझौते के तहत कांग्रेस 32 और नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी, जबकि पांच सीटों पर वे दोस्ताना लेकिन अनुशासित प्रतिस्पर्धा में शामिल होंगी। शेष दो सीटें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और पैंथर्स पार्टी को दी गई हैं। सीट बंटवारे पर बातचीत के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और उनके बेटे और पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला शामिल थे।

### जम्मू भाजपा दफ्तर में टिकट कटने वालों का हंगामा



**जम्मू**। जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने सोमवार को कैंडिडेट्स की 3 लिस्ट जारी की। पहली लिस्ट सुबह 10 बजे आई। इसमें 3 फेज के 44 कैंडिडेट्स के नाम थे, लेकिन इसे थोड़ी ही देर में डिलीट कर दिया। इस लिस्ट के आते ही जम्मू भाजपा दफ्तर में कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन शुरू हो गया था। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी ने पैराशूट प्रत्याशी उतार दिए हैं। इसके बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना अपने केबिन में चले गए और दरवाजा बंद कर लिया। थोड़ी देर बाद बाहर निकले और कहा- परेशान ना हों, सभी से पर्सनली बात करूंगा। बात हाईकमान तक पहुंची। पहली लिस्ट जारी होने के 2 घंटे बाद 12 बजे एक और लिस्ट आई, इसमें सिर्फ फर्स्ट फेज के 15 कैंडिडेट्स के नाम थे। रविंद्र रैना ने कहा, अभी फोकस 18 सितंबर को होने वाली फर्स्ट फेज की वोटिंग पर है। मैं हर कार्यकर्ता से पर्सनली बात करूंगा। इसके बाद 2 बजकर 45 मिनट पर एक और लिस्ट आई। इसमें सिर्फ एक नाम था। कोंकरनाग से चौधरी रोशन हुसैन के नाम की घोषणा की गई थी।

**नहीं चाहिए पैराशूट उम्मीदवार** : दरअसल, ओमी खजुरिया जम्मू में भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और वह उम्मीद लगा रहे थे कि उन्हें पार्टी जम्मू नॉर्थ सीट से उम्मीदवार बना सकती हैं। सुबह जारी हुई भाजपा की लिस्ट में उनका नाम नहीं था, जिसके बाद से उनके समर्थकों ने पार्टी ऑफिस पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। हालांकि, भाजपा ने अपनी पहली लिस्ट को वापस ले लिया था और बाद में नई लिस्ट जारी की।

## 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे चंपाई

**मिली जेड प्लस सुरक्षा**

एजेंसी। रांची



झारखंड की राजनीति में कद्दावर नेता चंपाई सोरेन ने पिछले कई दिनों से हलचल मचा रखी थी। उधर राज्य के सीएम हेमंत सोरेन और जेएमएम के तमाम नेता उन्हे मनाने में लगे रहे, लेकिन चंपाई पर कोई असर नहीं हुआ। अंततः उन तमाम अटकलों को उस समय विराम लग गया जब असम के सीएम हिमंता विस्वा सरमा ने अधिकृत घोषणा करते हुए कह दिया कि चंपाई 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे।झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य के उच्च शिक्षा और जल संसाधन मंत्री चंपाई सोरेन ने सोमवार देर रात भाजपा के वरिष्ठ नेता ओर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद असम के सीएम और झारखंड भाजपा के विस चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने चंपाई सोरेन के 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। अमित शाह से मुलाकात के बाद चंपाई को जेड प्लस सुरक्षा देने का निर्णय लिया गया है। झारखंड लौटने के बाद उन्हें नया सुरक्षा कवर दिया जाएगा। सीएम हिमंता ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि चंपाई ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और वह आधिकारिक तौर पर रांची में 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे। इससे पहले शाम को हिमंता ने कहा था कि वह व्यक्तिगत रूप से चाहते हैं कि चंपाई सोरेन भाजपा में आएं। उनके भाजपा में आने से पार्टी को ताकत मिलेगी। वहीं, कहा जा रहा है कि चंपाई 28 अगस्त को हेमंत मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे देंगे। सीएम हेमंत सोरेन ने 29 अगस्त को कैबिनेट की बैठक बुलाई है। कहा जा रहा है कि 28 अगस्त को वह चाईबासा में मुख्यमंत्री मंईयां योजना की लाभुक महिलाओं को सम्मान राशि देंगे। उसी दिन चंपाई झामुमो की सदस्यता और हेमंत मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे देंगे। जानकारी मिली है कि अमित शाह चंपाई के भाजपा के दामन थामने के बाद सितंबर के पहले सप्ताह में उनके गांव जिलिंगगोड़ा जाएंगे। यहां अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से चंपाई सोरेन के भाजपा में जाने की अटकलें थीं। बताया जा रहा था कि वह मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के संपर्क में हैं। हालांकि सोमवार को रांची में असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि वह पिछले छह महीने से चंपाई सोरेन के संपर्क में हैं और चाहते हैं कि वह भाजपा में आ जाएं।

### कंगना रनौत का बयान पूरे देश के किसानों का घोर अपमान : राहुल गांधी

**नई दिल्ली**। कांग्रेस नेता और लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने बीजेपी सांसद कंगना रनौत के किसानों को लेकर कहा कि ये शर्मनाक किसान विरोधी बोल पश्चिमी उत्तरप्रदेश, हरियाणा और पंजाब समेत पूरे देश के किसानों का घोर अपमान है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखी अपनी पोस्ट में आगे कहा, 378 दिन चले मैराथन संघर्ष के दौरान 700 साथियों का बलिदान देने वाले किसानों को भाजपा सांसद द्वारा बलात्कारी और विदेशी ताकतों का नुमाइंदा कहना भाजपा की किसान विरोधी नीति और नीयत का एक और सबूत है। ये शर्मनाक किसान विरोधी बोल पश्चिमी उत्तरप्रदेश, हरियाणा और पंजाब समेत पूरे देश के किसानों का घोर अपमान है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## पश्चिम चंपारण के तत्कालीन डी एम को आपराधिक वादों में एसडीजी एम के कोर्ट में हाजिर होने के लिए नोटिस जारी

चाणक्य भूमि बेतिया



जिले के तत्कालीन जिला पदाधिकारी दिलीप कुमार पर अधिवक्ता ब्रजराज श्रीवास्तव एवं सामाजिक कार्यकर्ता विजय कश्यप के द्वारा वर्ष 2008 में दर्ज कराए गए अपराधिक अभियोग के आधार पर एसडीएम बेतिया के द्वारा तत्कालीन डीएम दिलीप कुमार को 15 दिनों के अंदर न्यायालय में हाजिर होने का आदेश जारी किया है 1 मालूम हो कि 2008 में नाग पंचमी के अवसर पर करनमेया में आखड़ा के दौरान हुए हिंसक झड़प में 14 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे 1 घायलों द्वारा दिए गए आवेदन पर प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं होता देख अधिवक्ता श्री श्रीवास्तव एवम श्री कशयप के इस संदर्भ में जब जानकारी लेने के लिए पूछताछ शुरू की तो बड़ी ही बर्बरता के साथ उन दोनों की पिटाई की गई। उन लोगों को गिरफ्तार कर टेररिस्ट सेल में रात्रि के 9:00 बजे डाल दिया गया और शारीरिक प्रतारणा दी गई 1 सीजीएम ने इन दोनों वादो को खारिज कर दिया गया जिसके बाद इन दोनों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया 1 आवेदन की आलोक में उच्च न्यायालय ने निरीक्षण न्यायाधीश बहस कर इस मामले की जांच कराई 1 जांचों प्रांत हाई कोर्ट ने तत्कालीन जिला पदाधिकारी दिलीप कुमार पर क्रिमिनल सेक्शन में बेतिया के सीजीएम कोर्ट में 7 सितंबर 2010 को आपराधिक मुकदमा चलाने का आदेश पारित किया 1 तत्पश्चात तत्कालीन डीएम श्रीकुमार ने सर्वोच्च न्यायालय मे गुहार लगायी परन्तु शीर्ष अदालत ने श्री कुमार को राहत नहीं दिया 1 उच्च न्यायालय के आदेश को यथावत रखते हुए 7 आपराधिक धाराओं के अंतर्गत मुख्य दंडाधिकारी बेतिया के न्यायालय में मुकदमा चलाने का आदेश पारित किया 1 इस आदेश के आलोक में ही तत्कालीन जिला पदाधिकारी पर न्यायालय ने नोटिस जारी किया है 1 अधिवक्ता बृजराज श्रीवास्तव एवं विजय कश्यप ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से स्थानीय अधिवक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है 1 उन दोनों ने कहा है कि यहां के अधिवक्ताओं ने उन दोनों की इस लड़ाई की जंग में बड़ी ही मजबूती के साथ-साथ दिया है, जो उन दोनों के जीवन में अविस्मरणीय रहेगा 1

## सिसोदिया के बाद के कविता को राहत

**सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत**

एजेंसी। नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में बीआरएस नेता के कविता को जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा कि जांच पूरी होने के बाद आरोपपत्र दाखिल कर दिया गया है। अपीलकर्ता की हिरासत आवश्यक नहीं है। वह 5 महीने से सलाखों के पीछे हैं। कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। शीर्ष अदालत ने मामले में जांच को लेकर सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय की खिंचाई की। कविता तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर की बेटी हैं। उन्हें ईडी ने 15 मार्च को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कविता को 10-10 लाख के दो बेल बॉन्ड जमा करना होगा। कोर्ट ने कविता को पासपोर्ट सरेंडर करने को कह दिया है। साथ ही जमानत के दौरान सबूतों के साथ छेड़छाड़ और गवाहों को प्रभावित नहीं करेंगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई-ईडी की ओर से पेश हुए वकील एएसजी एसवी राजू से कहा कि हम केंद्रीय एजेंसी के कंडक्ट के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं। कविता के खिलाफ हाई कोर्ट द्वारा की गई टिप्पणी उचित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप किसी भी आरोपी के मामले में पिक एंड चूज कर नहीं सकते। अगर हम अनुमोदकों के बयान लें तब उनकी भूमिका भी कविता जितनी ही है। अभियोजन निष्पक्ष होना चाहिए, आप किसी को चुन नहीं सकते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जांच पूरी हो गई है, आरोप पत्र और ईडी में शिकायत दायर की गई है, सुनवाई जल्द पूरी होने की संभावना नहीं है और फिर ये एक महिला का मामला है।

**कविता ने फोन को नष्ट कर फॉर्मेट कर दिया** : जस्टिस गवई ने हल्के-फुल्के अंदाज में मुस्कुराते हुए कहा कि आप एमएलए-एमएलसी हैं, इसलिए आप जानते हैं कि क्या सही है और क्या गलत है, असुरक्षित नहीं है। वकील रोहतगी ने कहा कि साउथ ग्रुप में पैसा ले जाने के मामले में किसी भी तरह की कोई वसूली नहीं हुई।

### अब बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' में बांग्लादेश भी हिस्सा लेगा

**नई दिल्ली**। भारतीय वायु सेना की मेजबानी में पहली बार हो रहे बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' के दूसरे चरण में बांग्लादेश भी हिस्सा लेगा। पश्चिमी क्षेत्र के जोधपुर में 29 अगस्त से 14 सितंबर तक होने वाले दूसरे चरण में बांग्लादेश के अलावा अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, सिंगापुर और यूएई की वायु सेनाएं शामिल होंगी। बांग्लादेश को पहले ही आमंत्रित किया गया था लेकिन वहां अचानक राजनीतिक अस्थिरता के चलते अभ्यास में शामिल होने में असमंजस की स्थिति थी। अब बांग्लादेश की वायु सेना ने अपने हवाई बेड़े के साथ 'तरंग शक्ति' में आने की हामी भर दी है। भारतीय वायु सेना की मेजबानी में होने वाला यह पहला बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास है। अभ्यास का पहला चरण 6-14 अगस्त तक दक्षिण भारत के सुलूर में हो चुका है, जिसमें जर्मनी, फ्रांस, स्पेन और ब्रिटेन की वायु सेनाओं ने हिस्सा लिया था। दो चरणों के इस हवाई अभ्यास के लिए 51 देशों को आमंत्रित किया गया है, जिनमें 12 देशों की वायु सेनाएं भाग ले रही हैं और छह मित्र देश अपने अग्रणी लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों और मध्य-हवा में ईंधन भरने वाले विमानों के साथ सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने ब्राजील की जी-20 अध्यक्षता के लिए भारत के समर्थन को दोहराया

**नई दिल्ली**। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को दिल्ली में 9वीं भारत-ब्राजील संयुक्त आयोग की बैठक में ब्राजील की जी-20 अध्यक्षता के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। जयशंकर ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए 'न्यायपूर्ण विश्व' और 'टिकाऊ ग्रह' के निर्माण की थीम पर केंद्रित अनूठी पहल की सराहना की। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, "विदेश मंत्री मौरो वियरा के साथ 9वीं भारत-ब्राजील संयुक्त आयोग की एक सार्थक और व्यापक बैठक की सह-अध्यक्षता की। व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और जैव ईंधन, स्वास्थ्य, सतत कृषि, अंतरिक्ष, संपर्क, प्रौद्योगिकी और व्यापार संबंधों को आगे बढ़ाने में हमारे सहयोग सहित हमारे द्विपक्षीय संबंधों का जायजा लिया। वैश्विक भू-राजनीतिक विकास, वैश्विक दक्षिण की साझा चिंताओं और आकांक्षाओं और ब्रिक्स, आईबीएसए, जी-20 और संयुक्त राष्ट्र में हमारी भागीदारी को आगे बढ़ाने पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।



# पटना में जन्माष्टमी पर भगदड़ के बाद लाठीचार्ज धक्का-मुक्की से महिलाएं-बच्चे गिरे

## भीड़ का अनुमान नहीं लगा पाया प्रशासन, जन्माष्टमी पर लाखों श्रद्धालु पहुंचे थे



**पटना, एजेंसी।** जन्माष्टमी के मौके पर पटना के इस्कॉन मंदिर के बाहर सोमवार की शाम करीब साढ़े सात बजे अचानक भीड़ बढ़ने और गेट खुलने से धक्का-मुक्की बढ़ गई। उस वक्त गेट पर एक डीएसपी और दो-तीन सब इंस्पेक्टर मौजूद थे। भीड़ डीएसपी और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करते हुए आगे बढ़ गई। इसी दौरान कुछ महिलाएं और बच्चे नीचे गिर गए। इसके बाद पुलिस को भीड़ नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। इससे वहां भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। घटना में कुछ महिला और पुरुष मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। मंदिर के पास श्रद्धालुओं ने भीड़ अधिक हो गई थी। गेट खुलते ही भीड़ किसी तरह अंदर घुसना चाह रही थी। उसी दौरान धक्का-मुक्की और भगदड़ हुई। मौके की स्थिति देखकर साफ लगता है कि प्रशासन भीड़ का आकलन नहीं कर पाए और इसी कारण यह घटना हुई। एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि भीड़ अधिक बढ़ने पर वहां मौजूद एक अधिकारी ने गेट बंद करवा दिया। अचानक गेट खुलने से भीड़ बेकाबू हो गई। इसी के बाद स्थिति बिगड़ी। पूरे मामले में जिला प्रशासन और पुलिस के बीच सामंजस्य का अभाव दिखा।

### कुछ लोग लाइन तोड़कर जबरदस्ती घुस गए

इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष कृष्ण कृपा दास ने कहा कि लाठीचार्ज नहीं हुआ है। कुछ लोग लाइन तोड़कर जबरदस्ती घुस गए थे। इससे दूसरे लोगों को परेशानी हो रही थी। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए हल्का बल का प्रयोग किया है। अगर पुलिस ऐसा नहीं करती तो दूसरे लोगों को परेशानी होती। अभी मंदिर के अंदर और बाहर एक लाख श्रद्धालु मौजूद हैं। पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और न ही कोई लाठीचार्ज हुआ है। कई लोग लाइन तोड़कर घुसने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें लाइन में लगाया गया है।

### भगदड़ के दौरान श्रद्धालुओं से हुई छिनतई

भगदड़ के दौरान पटना के इस्कॉन मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं से बाइक, चेन और मोबाइल की छिनतई के 12 से अधिक मामले सामने आए हैं। घटना को लेकर कोतवाली थाने में पीड़ित श्रद्धालुओं ने शिकायत भी दर्ज कराई हैं।

### मंदिर के अंदर लाइन थी, बाहर कोई व्यवस्था नहीं थी

इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष कृष्ण कृपा दास ने कहा कि मंदिर के अंदर लोगों को लाइन लगाकर जाने की व्यवस्था की गई थी। लेकिन, बाहर के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। इस बार के बाद से हमें सिख मिला है कि अगली बार से दो से चार किलोमीटर दूर तक जैसे पटना के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में रामनवमी के अवसर पर व्यवस्था की जाती है, उसी तरीके से जन्माष्टमी में भी व्यवस्था की जाएगी। बल प्रयोग अनहोनी को रोकने के लिए किया गया। भीड़ बेकाबू हो गया था। लोगों से लाइन में लगने के लिए बोला जा रहा था तो भी वह लोग लाइन में नहीं लग रहे थे।

### परिस्थिति के अनुसार ही पुलिस ने उठाया होगा कदम

इस्कॉन मंदिर के प्रवक्ता नंद गोपाल दास ने कहा कि श्रद्धालु लाइन से आ जा रहे हैं। प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। पुलिस ने परिस्थिति के अनुसार ही कदम उठाया होगा। अभी तक इस्कॉन में 6 लाख लोग दर्शन करने आ चुके हैं।

### मंदिर प्रबंधन का सुरक्षा को लेकर दावा

जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर प्रबंधन ने दावा किया था कि सुरक्षा को देखते हुए 14 पुलिस पोस्ट और 128 कैमरों से निगरानी की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### विभाजन विभीषिका स्मृति पर आधारित प्रदर्शनी का समापन

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जिज्ञासा समाज कल्याण केंद्र द्वारा अप्पन पाठशाला, मुक्तिधाम मुजफ्फरपुर में भारत विभाजन विभीषिका स्मृति पर आधारित 12 दिवसीय प्रदर्शनी का समापन सोमवार को हुआ। समापन समारोह का उद्घाटन उप महापौर डॉ. मोनालिसा, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्यामसुंदर भीमसेरिया, मुक्तिधाम के डॉ. रमेश केजरीवाल, पाठशाला के संस्थापक सुमित कुमार और पर्यावरणवीद सुरेश कुमार गुप्ता समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम संयोजक सुमित कुमार ने कहा कि विभाजन के दौरान हुई हिंसा में लगभग पांच लाख लोग मारे गए। डेढ़ करोड़ लोगों का परिवार बेघर हो गया। आयोजकों ने कहा कि अगले साल से भव्य कार्यक्रम होगा और शहर के 15 स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों को भी आमंत्रित किया जाएगा। अतिथियों का स्वागत नरेंद्र कुमार, अभिराज कुमार, सुमन सौरभ ने किया।

### बागेश्वरी मुक बधीर विद्यालय के बच्चो ने मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बागेश्वरी मूक बधिर आवासीय विद्यालय गौशाला रोड के बच्चों ने सोमवार को कृष्ण जन्मोत्सव मनाया। इनर व्हील क्लब ऑफ जागृति एवं वागेश्वरी दिव्यांग सह जनसेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जन्मोत्सव मनाया गया। उद्घाटन हेमा ठाकुर आईपीपी एवं विद्यालय के संजय कुमार ने केक काट कर किया। बच्चों ने राधा-कृष्ण के परिधान में नृत्य की प्रस्तुति कर सब का मन मोहा। मौके पर राजू कुमार, मालती देवी, नीतू कुमारी, अनुपमा श्रीवास्तव व अमन कुमार थे।

### भागलपुर : गंगा के जलस्तर में आई एक सेमी की कमी

**भागलपुर, एजेंसी।** गंगा के जलस्तर में कमी आने लगी है। मंगलवार सुबह 6 बजे भागलपुर में एक सेमी की कमी दर्ज की गई। जबकि कहलगांव में स्थिर है। सुल्तानगंज में भी पानी नीचे उतरा है। यहां वाटर लेवल गेज डूब गया है। इसलिए सीढ़ी पर आये पानी से अनुमानित रिपोर्ट बनाई जा रही है। जल संसाधन विभाग के अभियंताओं ने बताया कि गंगा के जलस्तर में अगले एक हफ्ते तक कमी रहने की संभावना है।

### कोलकाता के मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

**गया, एजेंसी।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन शाखा गया की महिला विंग ने सोमवार की शाम कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षु महिला चिकित्सक डॉ. मौमिता की वीभत्स हत्या व महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यूनियन के गया शाखा महिला विंग के अध्यक्ष नर्मदा शांडिल्य ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की अमानवीय एवं वीभत्स घटना संपूर्ण राष्ट्र व समाज को झकझोर देने वाली है। संपूर्ण देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। हमारा समाज किस ओर जा रहा है। यह काफी सोचने विषय है। समाज एवं प्रत्येक व्यक्ति को आत्म चिंतन करने की आवश्यकता है। ऐसी वीभत्स घटना की ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन गया शाखा की महिला विंग घोर निंदा करती है। साथ ही आने वाले समय में स्वयं जागरुक, सचेत एवं आत्मरक्षा के लिए तैयार रहने का स्पष्ट संदेश देती है। इस अवसर पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन हाजीपुर के कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, गया शाखा के कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, उपाध्यक्ष बीके चौधरी, नीरज कुमार, वीरेंद्र कुमार महिला शाखा सचिव मुन्नी कुमारी किरण कुमारी, संगीता कुमारी आदि ने सभा को सम्बोधित कर घटना की घोर निंदा की।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के नगर पंचायत स्थित पौआखाली के फुलवारी अंतर्गत स्थित मिलन मंदिर प्रांगण में कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें कटिहार से आए प्रसिद्ध भजन गायक कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई है, जिसे सुनकर श्रोता झूमने पर मजबूर दिखें है। सोमवार देर शाम से शुभारंभ होकर यह कार्यक्रम देर रात तक आयोजित रही है। वहीं कटिहार से आई भजन गायिका आंचल चौधरी, आनंद जी, विष्णु बेदर्दी, रानी कुमारी की सुरीली और मधुर आवाज में दर्शक दीर्घा में बैठे भक्त श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया है। भक्तगण बाल गोपाल श्री कृष्ण के भजनों पर झूमते और नाचते दिखे है। इस जागरण को देखने और सुनने के लिए नगर क्षेत्र सहित दूर-दराज से काफी भक्तगण पहुंचे है। पूरा जागरण स्थल बाल गोपाल, जय श्री कृष्ण के नारों से गूंज रहा है।

## जनमाष्टमी पर वैशाली एक्सप्रेस में मुन्नी खातून ने बच्चे को दिया जन्म

### परिवार बोला - मेरे घर कन्हैया आए

**समस्तीपुर, एजेंसी।** जनमाष्टमी के मौके पर यानी सोमवार को एक महिला ने वैशाली एक्सप्रेस में अपने बच्चे को जन्म दिया दरअसल नई दिल्ली से सहरसा जा रही डाउन 12554 वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस में मुन्नी खातून नाम की एक गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा होने लगी। बताया जा रहा है कि यह महिला ट्रेन के जनरल बोगी में सवार थीं। लेकिन ट्रेन के चलने के कुछ ही देर बाद उन्हें प्रसव पीड़ा हुई और उन्होंने एक बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों ही स्वस्थ हैं। बच्चे के जन्म से पूरा परिवार खुश है। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे के जन्म के बाद मुन्नी खातून के साथ सफर कर रहे उनके परिजनों ने कहा, 'मेरे घर कन्हैया आ गए।' महिला को ट्रेन में प्रसव पीड़ा होने के बाद समस्तीपुर रेल डिवीजन की मेडिकल टीम ने वैशाली एक्सप्रेस में महिला के सुरक्षित प्रसव का इंतजाम किया। इमरजेंसी अलर्ट पर ऐक्शन लेते हुए मेडिकल टीम ने तुरंत महिला को मदद पहुंचाई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुन्नी खातून के पति का नाम मोहम्मद मेराज है। मोहम्मद मेराज दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। इस कपल को पहले से भी एक बेटा है। दिल्ली में चिकित्सकों ने मेराज से कहा था कि उनकी पत्नी को अभी बच्चा होने में चार-पांच दिनों का समय है। जिसके बाद यह परिवार सहरसा लौट रहा था। डाउन 12554 वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस में अपने परिजनों संग सवार मुन्नी खातून को प्रसव पीड़ा मुजफ्फरपुर से ट्रेन के खुलने के बाद शुरू हुई। इसके बाद समस्तीपुर स्टेशन पर ट्रेन के रुकते ही मेडिकल टीम ने मोर्चा संभाला। पीड़ा से कराह रही मुन्नी खातून ने जब ट्रेन से उतरने से मना कर दिया तब चिकित्सकों ने ट्रेन की बोगी में ही महिला का सुरक्षित प्रसव करा दिया। ट्रेन में बच्चे की किलकारी गूंजते ही सभी के चेहरे पर मुस्कान छा गई। चिकित्सकों ने जांच के बाद महिला को कुछ दवाइयां दीं।



इस दौरान करीब 40 मिनट तक समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर भी ट्रेन खड़ी रही। दवा देने के बाद ट्रेन को सहरसा के लिए रवाना किया गया।



## बिहार में 12,220 हेक्टेयर में होगी तेलहन की खेती

**नालंदा, एजेंसी।** इस वर्ष बिहार में तेलहन के बेहतर उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इसको लेकर बीएयू (बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर) ने छात्रों द्वारा किए जा रहे शोध को राष्ट्रीय स्तर प्रदान करने के लिए भारतीय तिलहन शोध संस्थान, हैदराबाद के साथ एमओयू किया है। इस वर्ष से शोध, प्रसार, प्रशिक्षण व उद्यमिता विकास के लिए बीएयू भारतीय तिलहन शोध संस्थान के साथ मिल कर काम करेगा। इस वर्ष बिहार में 12,220 हेक्टेयर में तिलहन की खेती होगी। मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर में सबसे अधिक तेलहन की खेती होगी। मुजफ्फरपुर में 500, कैमूर में 450 हेक्टेयर में यह खेती होनी है। मूंगफली, सोयाबीन, तिल, सरसों, सूरजमुखी, अरंडी सहित नौ तरह के तेलहन की खेती होगी। यह लक्ष्य रबी और खरीफ के लिए रखा गया है।

### बीएयू से बीज प्राप्त कर सकते हैं किसान

बीएयू के प्रसार शिक्षा निदेशक आरके सोहाने ने कहा कि बिहार में तेलहन के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए बीएयू के वैज्ञानिकों ने बिहार के सभी जिले का सर्वे किया है। किसानों को अधिक उपज के लिए बीएयू में कई प्रकार की उन्नत किस्म भी विकसित की गई है। उत्पादन बढ़ने से दूसरे राज्य पर बिहार को निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। सभी केवीके के वैज्ञानिक हर क्षेत्र में जाकर किसानों को जानकारी दे रहे हैं। सीजन आने पर बीएयू के बीज केंद्र से किसान बीज प्राप्त कर सकते हैं।

### स्वर्ण व्यवसायी से 2 लाख की लूट :दुकान से घर लौट के दौरान बच्चों के लिए बिस्किट लेने गए थे, हथियार दिखाकर छीना बैग

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी शहर सोमवार को रात एक स्वर्ण व्यवसायी से लूट का मामला सामने आया हैं। घटना नगर थाना क्षेत्र के रीगा रोड की है। जहां एक निजी विवाह भवन के पास देर शाम दुकान बंद कर घर जा रहे स्वर्ण व्यवसायी से दो लाख रुपए के आभूषण और नकद रुपए लूट लिये गए। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद एक बाइक पर सवार दो बदमाश रीगा की ओर भाग निकले। घटना की सूचना पर डायल- 112 की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। घटना को लेकर पीड़ित स्वर्ण व्यवसायी, शहर के वार्ड- दो फूलमत नगर निवासी रामानंद साह के पुत्र संतोष कुमार ने नगर थाने में एफआईआर के लिए आवेदन दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्वर्ण व्यवसायी सोमवार की रात खैरवा स्थित ज्वेलरी दुकान को बंद कर घर जा रहे थे। इसी दौरान रीगा रोड में एक दुकान पर बच्चों के लिए बिस्किट खरीदकर जैसे ही आगे बढ़ा था कि बदमाशों ने घेर कर हथियार सटाकर उसके पास रखा बैग छीन लिया।

## छात्रा की पिटाई का नाना ने लगाया आरोप:डीपीओ सहित तीन सदस्यीय टीम ने कस्तूरबा स्कूल में पहुंचकर की जांच



**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा के सिंहवाड़ा प्रखंड के सिमरी पंचायत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में एक छात्रा की पिटाई का मामला सामने आया है। इस मामले के आरोपों की जांच शिक्षा विभाग के तीन सदस्यीय टीम ने सोमवार को विद्यालय पहुंचकर किया। माधोपुर के अभिभावक बैधनाथ मिश्र ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन सौंपकर कहा था कि कस्तुरबा में अध्यनरत उनकी नतनी के साथ वार्डेन और शिक्षिका ने 16 अगस्त को अभद्र व्यवहार और मारपीट की थी। मामले को लेकर डीपीओ नवीन ठाकुर, कार्यक्रम पदाधिकारी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक कृतिका वर्मा और केजीवीभी के जिला समन्वयक नीरज कुमार ने सोमवार को जांच पड़ताल की है। बच्ची और अभिभावक से आवेदन के आलोक में सभी बिंदुओं पर पूछताछ कर वीडियो रिकॉर्डिंग की। निदेशक कृतिका वर्मा ने बच्ची विद्यालय की शिक्षिका व छात्राओं के समक्ष अलग अलग घटनाक्रम की जानकारी ली। स्कूल की संचिकाओं का भी अवलोकन कर बच्चों के आगमन और प्रस्थान पंजी का अवलोकन कर साक्ष्य के रूप में छायाप्रति अधिकारी अपने साथ ले गए। बताया गया है कि छात्रा के अभिभावक ने डीपीओ और सिमरी थाना में इस आशय का आवेदन सौंपकर विद्यालय की वार्डेन गुड्डी रानी और शिक्षिका रीना कुमारी पर बच्ची को पीटने का आरोप लगाया था। तबीयत खराब रहने के बावजूद छात्रा को विद्यालय के खेल मैदान में बाल खींचकर पिटाई के साथ शौचालय साफ कराने और रोटी बनवाने का आरोप लगाया था। इधर, मामले की जांच करने के बाद मीडिया को डीपीओ नवीन ठाकुर ने बताया कि आवेदन में अभिभावक के आरोपों की सभी बिंदुओं की जांच 3 सदस्यीय टीम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर की है। स्कूल में पठन-पाठन कर रही छात्राओं ने पिटाई की घटना से इनकार किया है। विद्यालय की शिक्षिकाओं व रसोइया का बयान दर्ज किया गया है। विद्यालय में हाउस कीपिंग की व्यवस्था के बीच बच्चों का भोजन रसोइया के माध्यम से बनाया जाता है। वार्डेन गुड्डी रानी ने बताया कि विद्यालय में तीन शिक्षिका व एक सौ छात्राओं का नामांकन है। बीमार पड़ने पर छात्राओं का उपचार सीएचसी के डॉक्टर से कराया जाता है। जांच के दौरान एचएम अनिल पाठक, प्रभारी एचएम चंदेश्वर महतो व रात्रि प्रहरी अनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

# मंडल के रेलवे स्टेशनों पर एटीवीएम की सुविधा:कतार में लगे बिना आसानी से यात्रियों की मिल रहा टिकट




### समय की भी हो रही बचत

**बेगूसराय, एजेंसी।** रेल मंत्रालय ने महत्वपूर्ण स्टेशन पर यात्रियों को जनरल टिकट के लिए काउंटर पर लंबी लाइन में लगने से राहत दे दिया है। स्टेशनों पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) से अब लोग बिना लाइन में लगे टिकट ले रहे हैं। जिन्हें यह ज्ञऊरू से खुद टिकट नहीं लेना आता है, उनके लिए फैसिलिटेटर भी नियुक्त किए गए हैं। जो उन्हें टिकट मुहैया करवा रहे हैं। पूर्व मध्य रेल के सीपीआरओ सरस्वती चन्द्र ने बताया कि यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराने के लिए स्टेशनों पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) लगाई जा रही है। एटीवीएम के माध्यम से रेल यात्री टिकट काउंटर पर बिना लाइन में लगे अनारक्षित टिकट खरीद कर यात्रा कर सकते हैं। प्रमुख स्टेशनों पर स्वचालित अनारक्षित टिकट वेंडिग मशीन टिकट काउंटर के आसपास स्थापित किए गए हैं।

**हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषा की सुविधा :** कई स्टेशनों पर यह एटीवीएम टिकट घर के अलावा स्टेशन के प्रवेश परिसर में भी स्थापित किए गए हैं। जिससे यात्रियों को टिकट लेने और ट्रेन पकड़ने के बीच कम समय लगेगा। एटीवीएम से प्लेटफॉर्म टिकट भी कटाया जा सकता है। यह एटीवीएम 24 घंटे कार्य करती है। इस सिस्टम में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषा चुनने की सुविधा है। यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशनों पर एटीवीएम के माध्यम से टिकट खरीदने के लिए फैसिलिटेटर भी तैनात किए गए हैं। यात्री एटीवीएम से स्वयं टिकट बना सकते हैं या जरूरत पड़ने पर तैनात एटीवीएम फैसिलिटेटर के माध्यम से भी टिकट खरीद सकते हैं। यात्रियों की ओर से बुकिंग कार्यालय से जारी किए गए स्मार्ट कार्ड से या एटीवीएम पर दिखने वाले क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीआई से किराए का भुगतान किया जा सकता है।

**कौन से मंडल में कितनी मशीनें :** सोनपुर मंडल के बेगूसराय, बरौनी, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, खगड़िया, सोनपुर, मानसी व नवगछिया रेलने स्टेशन पर 24 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन उपलब्ध है। दानापुर मंडल के पटना, राजेन्द्र नगर, दानापुर, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, मोकामा, जहानाबाद, दिलदारनगर, पटना साहिब, झाझा, बिहार शरीफ एवं लखीसराय रेलवे स्टेशन पर भी 38 मशीन उपलब्ध है। समस्तीपुर मंडल के समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा, रक्सौल, बेतिया, बापूधाम मोतिहारी, मधुबनी, नरकटियागंज एवं सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन पर 29 मशीन है। धनबाद मंडल के धनबाद, कोडरमा, डालटनगंज, नेसुब गोमो, गढ़वा रोड, पारसनाथ एवं सिंगरौली स्टेशन पर 18 मशीन उपलब्ध है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के गया, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, अनुग्रह नारायण रोड और भभुआ रोड स्टेशन पर 18 मशीन है।

### प्रिंसिपल ने दो छात्रों के साथ किया अप्राकृतिक यौनाचार :पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पटना, एजेंसी।** पटना के मसौढ़ी में एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल रंगेश सिंह ने दो छात्रों के साथ अप्राकृतिक यौनाचार किया है। घटना सोमवार की है। घटना के बाद परिजनों ने इसकी सूचना मसौढ़ी थाने को दी। पुलिस ने आरोपी प्रिंसिपल को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि साफ-सफाई के बहाने प्रिंसिपल ने दो छात्रों को अपने घर बुलाकर उनके साथ अप्राकृतिक यौनाचार किया। मसौढ़ी डीएसपी नव वैभव ने बताया कि घटना के बाद मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीड़ित छात्रों को मेडिकल के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी प्रिंसिपल को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जा रही है।

#### क्या है पूरा मामला

घटना के बारे में बताया जा रहा है कि मसौढ़ी थाना क्षेत्र के सोनकुकरा भोजपुर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले दो छात्रों को स्कूल के प्रिंसिपल रंगेश सिंह अपने घर पर साफ-सफाई के लिए बुलाया था। इसके बाद रंगेश सिंह ने दोनों छात्रों से अप्राकृतिक यौनाचार किया। घटना के बाद दोनों पीड़ित छात्र अपने घर पहुंचकर इसकी सूचना अपने परिजनों को दी। सूचना मिलते ही दोनों छात्रों के परिजन मसौढ़ी थाना पहुंचे और लिखित शिकायत मसौढ़ी थाने में की। शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रिंसिपल रंगेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

## दुर्घटना में घायल जवानों को मिली अस्पताल से छुट्टी

### बस ने मझौलिया पुलिस के वाहन को मारी थी टक्कर जिसमे आधा दर्जन होमगार्ड घायल

**चाणक्य भूमि मझौलिया।** बिगत रविवार को अमवा मन के निकट यात्री बस और पुलिस की मोबाइल दस्ता में हुई टक्कर के बाद इलाजरत होगार्डस जवानों को अस्पताल से छुटी मिल गयी है।सभी खतरा से बाहर बताये गये है।पुलिस ने यात्री बस ओम साई राम को नानोसती पुलिस चौकी पर जब्त कर रखी है।बताते चले कि एनएच 727 के बेतिया मोतिहारी मुख्य मार्ग के अमवा मन के समीप पटना की तरफ से बेतिया की तरफ जा रही ओम साइ राम बस से गस्ती में निकली पुलिस वाहन में टक्कर से 6 होमगार्ड के जवान जख्मी और थाना का बोलेरो का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।पुलिस गाड़ी में बैठे जख्मी जवानों को पुलिस ने स्थानीय सीएससी में इलाज कराया।सूत्रों द्वारा बताया गया कि पटना की तरफ से ओम साइ राम बस आ रही थी तभी पुलिस वाहन के पिछला हिस्सा में टक्कर हो गया।जिसमे ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी जख्मी हो गए बस का चालक और खलासी स्थिति को देखते हुए भाग गए तथा बस पर सवार लोग को किसी तरह अपने गंतव्य स्थान की तरफ गए वही मौके पर तैनात थाना के दरोगा बस को आपने अभिरक्षा में लेकर घायल पुलिस कर्मियों को अस्पताल ले गए।इधर सीएससी में इलाज कर रहे चिकित्सक डॉक्टर सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना के एक अधिकारी द्वारा इलाज के 9:40 बजे रात्रि में लाया गया जहां घायल 6 पुलिसकर्मी का इलाज किया गया जिसमे योगेश्वर यादव 55 वर्ष 2 अखिलेश प्रसाद 55 वर्ष 3 सुमेश्वर साह 34 वर्ष 4 राजेश महतो 33 वर्ष तथा 5 अली रावत 35 वर्ष का इलाज किया गया।

## बदमाशों ने दुकान में लगायी आग

**चाणक्य भूमि मधुबनी।** मधुबनी जिले के हरलाखी थाना क्षेत्र के पिपरों राजघाट चौक पर जेनरल स्टोर दुकान में बीती रात उपद्रवियों के द्वारा आग लगाने का मामला प्रकाश में सामने आया है। इस संबंध में दुकान के मालिक पिपरोंन गांव के निवासी दीपक प्रसाद ने पुलिस को आवेदन देकर कारवाई की मांग की है। दरअसल दिए गए आवेदन के अनुसार दुकान मालिक ने रोजाना की भांति रोज दुकान रात को बंद करके में घर चला गया, इसी दौरान पिपरौन एसएसबी के द्वारा जानकारी दिया गया कि आपके दुकान में किसी के द्वारा आग लगा दिया गया। सूचना मिलते ही दुकान पर पहुंचे तो दुकान में रखें दो मोटरसाइकिल, फ्रिज, काउंटर तथा पंखा सहित सभी सामान जलकर नष्ट हो चुका था। इसी क्रम में पता चला कि पिपरौन गांव के ही रणधीर कुमार, दीपक कुमार, आदित्य कुमार अन्य कुछ लोग मिलकर दुकान में आग लगा दिया। पीड़ित दुकानदार ने हरलाखी पुलिस को आवेदन देकर कारवाई की मांग की है। इस संबंध में हरलाखी थाना के द्वारा बताया गया है कि इस मामले को पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल करके जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## तेंदुए के हमले में सफाई कर्मी घायल

**चाणक्य भूमि संवाद सूत्र।** मंगलवार की देर शाम तेंदुए के हमले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत सफाई कर्मी बुरी तरह घायल हो गया, जिसका इलाज अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वाल्मीकिनगर में जारी है। घटना के सम्बंध में सफाई कर्मी दारा राम ने बताया कि छुट्टी के बाद अस्पताल से घर जाने के क्रम में हॉस्पिटल रोड मनोविनोद स्थल के समीप तेंदुए ने हमला किया। मेरे द्वारा शोर मचाने एवं साईकिल को सड़क पर पटकने के बाद वह थोड़ा देर रूका और फिर दोबारा आक्रमण करना चाहा तब तक राहगीरों के पहुंचने पर वह जंगल की ओर भाग गया। स्वास्थ्य कर्मी विनय कुमार ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद घायल को घर भेज दिया गया है।

## जन्माष्टमी की शुभ अवसर पर निकाला महावीर झंडा

### पूजही शिव मंदिर के मठपर कृष्ण जन्म के शुभ अवसर पर एकदिवसीय लगा मेला

**संवाद सूत्र नौतन।** प्रखंड के दक्षिण दक्षिण तेल्हुआ मठ के प्रांगण में कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर एकदिवसीय मेला लगा जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी थी। मेला में महावीर झंडा निकाल कर लोगों ने अनेक प्रकार के खेल की लाठी फरसा आदि कई प्रकार के अस्त्र-शस्त्र लेकर प्रदर्शन किया। मेला में नौतन थाना प्रभारी राजेश कुमार ने निरीक्षण करते हुए मेला को शांतिपूर्ण संपन्न कराए।

## पुलिस ने नाबालिक लड़की को किया बरामद

**चाणक्य भुमि योगापट्टी।** लौरिया पुलिस ने नाबालिग लड़की को दिल्ली से किया बरामद। लौरिया थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की को शादी के नियत से अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में नाबालिग लड़की के पिता ने लौरिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिस मामले में लौरिया पुलिस ने दिल्ली से लड़की को बरामद कर लिया है। इसकी पुष्टि थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने की है तथा बताया की लड़की को दिल्ली से बरामद कर लिया गया है और अग्रतर कारवाई की जा रही है।

## पुलिस ने बस से भारी मात्रा में चांदी की बरामद



**चाणक्य भूमि संवाद सूत्र।** कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेक पोस्ट के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक यात्री बस से जाँच के दौरान बस में मौजूद एक व्यक्ति के पास से भारी मात्रा में चांदी बरामद किया। चांदी मालिक कि पहचान हाथरस के सादाबाद थाना क्षेत्र के गाड़ियांचा गांव निवासी विजेंद्र सिंह के 34 वर्षीय बेटा अजिंद्र सिंह के रूप मे हुई है जिसे पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## भाजपा ने सदस्यता अभियान चलाया



**चाणक्य भूमि मधुबनी।** जयनगर अनुमंडल स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के परिसर में आयोजित भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का एक बैठक सुरज गुप्ता के अध्यक्षता में हुई जिसमें सदस्यता अभियान को लेकर व्यापक रूप से चर्चा करते हुए नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता ने बताया कि हमारे देश के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसा संगठन है जो राष्ट्रवाद, विशेष भौगोलिक, सांस्कृतिक निष्ठाओं और वैचारिक पृष्ठभूमि पर अपनी पूरी निष्ठावान रूप से खड़ी है। आज भाजपा (एनडीए सरकार) की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग पार्टी की विचारधारा से अब जुड़ना चाहते हैं। नगर मंडल अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील है कि सदस्यता अभियान में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को संगठन के साथ जोड़े और ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास'' के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ें। इस सदस्यता अभियान को वार्ड एवं हर बूथ पर लक्ष्य के अनुसार सफल करने हेतु नगर अध्यक्ष ने नगर मंडल में बीस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं, इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित महामंत्री गोपाल सिंह, अरविंद तिवारी, राज कुमार साह, प्रमिला पूर्वे, राजेश रंजन सिंह, सूर्य नारायण मंडल, ओम प्रकाश नायक, प्रदीप साह सहित अन्य सदस्यगण शामिल थें।

# पटना के दियारा इलाके में शनिवार तक 76 स्कूल बंद

### डीएम ने जारी किया आदेश, शिक्षकों ने नाव से जाते हुए वीडियो किया था पोस्ट

**एजेंसी, पटना।**



पटना डीएम ने दानापुर के दियारा इलाके में 76 स्कूलों को शनिवार तक बंद करने का आदेश दिया है। शिक्षकों ने नाव से जाते हुए एक वीडियो पोस्ट किया था। जिसके बाद डीएम ने स्कूल बंद करने का निर्देश दिया है। डीएम डॉ. चंद्रशेखर ने कहा कि गंगा का जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है। खतरे के निशान से कई जगह ऊपर है। शिक्षकों और बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए दियारा इलाके के 76 स्कूलों को शनिवार तक बंद करने का निर्णय लिया गया है। आज दियारा इलाके में SDRF की टीम को भी भेजा गया था। गंगा पार कर स्कूल जाने वाले शिक्षकों को सरकार की ओर से नाव की सुविधा दी जाएगी। लाइफ जैकेट भी दिया जाएगा। साथ ही नाव पर गोताखोर भी मौजूद रहेंगे।

**केके पाठक के एक और आदेश को पलटा:** 24 अगस्त को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने केके पाठक के एक और आदेश को पलट दिया था। बाढ़ प्रभावित इलाकों में अब डीएम स्कूलों में छुट्टी का निर्णय ले सकेंगे। पटना में ड्यूटी पर जाते समय शुक्रवार को एक शिक्षक गंगा में गिर गए थे। जिनका अभी तक कुछ पता नहीं चला है। जिसके बाद शिक्षा सचिव बैद्यनाथ यादव ने सभी जिलों के डीएम को लेटर जारी किया था। जिसमें लिखा गया है कि आपदा प्रबंधन के प्रावधान के तहत आप खुद निर्णय ले सकेंगे। स्कूल बंद किए जाने का आदेश आप अपने स्तर से जारी करेंगे।

**पटना में गंगा में बह गया BPSC टीचर:** बता दें कि शुक्रवार को दानापुर के दियारा इलाके में दो नावों के बीच टक्कर के बाद BPSC शिक्षक अविनाश कुमार (25) गंगा में गिर गए थे। अविनाश शुक्रवार को सुबह 8 बजे अपने साथियों के साथ स्कूल जा रहे थे। उनके साथ जा रहे शिक्षकों ने बताया कि 'उन्होंने अपनी बाइक नाव पर रखी, इसके बाद वे चढ़ने लगे। इसी दौरान पीछे से दूसरी नाव ने हमारी नाव को टक्कर मार दी। अविनाश का चयन BPSC TRE 1 के जरिए हुआ था। उन्होंने 18 नवंबर 2023 जॉइन किया था। इस हादसे के बाद शिक्षकों में काफी आक्रोश है।

## तीन दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी मेला महोत्सव का हुआ उद्घाटन



**चाणक्य भूमि जयनगर**

जयनगर अनुमंडल के लदनियां प्रखंड में खोजा पंचायत के विष्णुपुर गांव में कृष्ण जन्माष्टमी का मेला राधाकृष्ण मंदिर की कमेटी के द्वारा तीन दिवसीय लगाया गया है। इस मेले का उद्घाटन समाजसेवी सह बाबूबरही विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी उम्मीदवार मनोज झा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि मनोज झा सहित अन्य अतिथि को मिथिला के परम्परा के अनुसार पाग, दुपट्टा और माला पहनाकर सम्मानित भी किया गया। इस जन्माष्टमी के मेले में उस क्षेत्र की 501 कन्याओं व महिलाओं ने मंदिर प्रांगण से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई जो त्रिशुला नदी से जलभर कर मंदिर प्रांगण में स्थापित किया गया। इस मौके पर समाजसेवी मनोज झा ने बाबूबरही विधानसभा क्षेत्र सहित सम्पूर्ण जिलेवासियों को जन्माष्टमी की ढेर सारी शुभकामनाएं भी दीं, तत्पश्चात उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जाती है, लेकिन सिस्टम के भ्रष्ट कर्मचारियों के द्वारा लोगों तक कोई लाभ नहीं पहुंचता, हर एक विभाग अपने कर्तव्यों से फेल है, आगे उन्होंने निंदा करते हुए बताया की कोई भी सरकारी विभाग से बिना लिए दिए काम नहीं होता, जो की सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाएं पर हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। उन्होंने सभी को शिक्षित होने पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के बिना सामाजिक बदलाव संभव नहीं है, शिक्षा आज के दिन बेहद अनिवार्य है, इसीलिए आप सभी ग्रामवासियों से कहता हूं की शिक्षित बनो और सरकार द्वारा दिए जा रहे लाभ पर अमल कर अपना हक लें सको। साथ ही उन्होंने आगे लगातार गिरती हुई स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग और बिजली विभाग की समस्या पर लोगों की समस्या का निदान हेतु सभी को जागरूक भी किया।

### देवर ने मेरे पति को मार डाला

## महिला बोली- पैसे के लेनदेन को लेकर चल रहा था विवाद

**एजेंसी, पटना।**

पटना सिटी में एक महिला ने अपने देवर पर पति की हत्या का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर देवर समेत 5 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की गई है।

**पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद:** पीड़िता रेखा कुमारी(32) ने बताया कि उनकी शादी 10 साल पहले कच्ची घाट चंदोरिया निवासी पंचा राय से हुई थी। दो बेटी और दो बेटा है। देवर और ससुराल वालों से हमलोग परेशान हैं। काफी दिनों से पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है। छोटी-छोटी बात अक्सर मारपीट की जाती है।

**पति को मारकर शव गायब कर दिया:** लड़ाई-झगड़ा से परेशान होकर पति ने मुझे और बच्चों को 23 अगस्त को मायके भेज दिया था। इस बीच उन्हें सूचना मिली कि पति की तबियत काफी खराब है। आनन-फानन में ससुराल पहुंची, लेकिन घर पर पति नहीं मिले। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। गांव के कुछ लोगों ने बताया तुम्हारे पति को मारकर शव गायब कर दिया है। रेखा देवी ने हत्या का आरोप देवर और ससुराल पक्ष के लोगों पर लगाया है। पटना सिटी चौक थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने बताया कि महिला के आवेदन पर गंभीरता से छानबीन की जा रही है।



मर्डर कर शव गायब कर दिया

## उपेंद्र कुशवाहा, मनन मिश्रा निर्विरोध चुने गए राज्यसभा सांसद, बिहार में 16 सीटों में 10 पर एनडीए का कब्जा

**एजेंसी, पटना।**

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा और मनन कुमार मिश्रा राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुन लिए गए हैं। मंगलवार को राज्यसभा उपचुनाव के लिए नाम वापस लेने की अंतिम तारीख थी। इन दोनों के अलावा किसी ने भी नामांकन नहीं किया। इसलिए नाम वापसी का समय समाप्त होने के बाद उन्हें जीत का सर्टिफिकेट विधानसभा सचिव की ओर से दे दिया गया। राज्यसभा में उपेंद्र कुशवाहा का 2 साल, जबकि मनन मिश्रा का 4 साल कार्यकाल रहेगा। राजद नेत्री मीसा भारती और बीजेपी नेता विवेक ठाकुर का लोकसभा चुनाव जीतने के बाद ये दोनों सीटें खाली हुईं थी। अब राज्यसभा में बिहार से एनडीए का 10 सीटों पर कब्जा हो गया है। अभी बिहार में राज्यसभा की 16 सीटें हैं।

### 12 साल बाद राज्यसभा पहुंचे कुशवाहा



**राज्यसभा में उठाएंगे वंचितों की आवाज: उपेंद्र:** उपेंद्र कुशवाहा के समर्थक विधानसभा परिसर पहुंचे थे। कुशवाहा के विजयी सर्टिफिकेट लेने के बाद उनके समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की। वहीं, कुशवाहा ने गाड़ी से बाहर निकलकर समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उपेंद्र ने पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार को धन्यवाद देते हुए कहा 'शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार का मुद्दा पहले की तरह ही सदन में उठाते रहेंगे। वंचितों, पिछड़ों और सामान्य जाति के गरीब लोगों का सावल सदन में मजबूती से उठाएंगे।'

**सरकार और न्यायपालिका के बीच पुल का काम करेंगे: मनन मिश्रा:** मनन मिश्रा ने कहा कि 'केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में काम करूंगा। कोलीजियम सिस्टम में कोई बुराई नहीं है। उसमें थोड़ी बहुत सुधार की आवश्यकता है। न्यायपालिका और सरकार के साथ मिलकर सुधार करने की कोशिश करेंगे।' उन्होंने कहा कि 'पार्टी ने बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है। वो इसलिए दी है कि सरकार और न्यायपालिका के बीच अच्छा तालमेल रहे। इसका पूरा प्रयास करूंगा। आने वाले विधानसभा चुनाव में परिणाम भाजपा के पक्ष में आएंगे। कांग्रेसियों से जो लोग दिग्भ्रमित हुए थे। अब सभी की आंखे खुल गई हैं।'

## सीनियर नेता डीपी यादव ने थामा जनसुराज का दामन, पीके ने कहा-लोग माफिया के पैसे से पार्टी चला रहे हैं

**एजेंसी, पटना।**



5 दिन में राजद को दूसरा बड़ा झटका लगा है। 22 अगस्त को श्याम रजक ने पार्टी छोड़ी। अब पार्टी के सीनियर नेता और झंझारपुर से 5 बार के सांसद रहे राजद के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद यादव ने मंगलवार को जन सुराज की सदस्यता ली। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने उन्हें सदस्यता दिलाई हैं। डीपी यादव की पहचान देश में लाल कार्ड लागू करने वाले नेता के रूप में होती है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वालों की पहचान के लिए लाल कार्ड लागू करने का श्रेय डीपी यादव को ही जाता है। देवेगौड़ा सरकार में मंत्री रहते हुए डीपी यादव ने इसे लागू किया था। लोकसभा चुनाव के दौरान टिकट नहीं मिलने के बाद डीपी यादव ने राजद से इस्तीफा दे दिया था। इस दौरान उन्होंने टिकट बंटवारे में गड़बड़ी का आरोप लगाया था। इस दौरान प्रशांत किशोर ने बिना नाम लिए नीतीश कुमार और लालू यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'समाज के सभी अच्छे लोगों को जोड़ेंगे। लोग पार्टी चलाने के लिए बालू माफिया, शराब माफिया और भ्रष्ट अधिकारी के पैसों से पार्टी चला रहे हैं। हम ईमानदारी से जनता के पैसे से पार्टी चलाएंगे। कैसे पार्टी चलाने के लिए जनता पैसे देती है, ये साबित कर दूंगा।'

**तेजस्वी को लॉ एंड ऑर्डर पर बोलने का अधिकार नहीं:** तेजस्वी यादव की ओर से रोज क्राइम बुलेटिन जारी करने के सवाल पर प्रशांत किशोर ने कहा कि 'उन्हें क्राइम पर बोलने का अधिकार नहीं हैं। तेजस्वी यादव लॉ एंड ऑर्डर और विकास पर बोले तो बड़ा हास्यास्पद लगता है। वे जाति और रंगदारी पर बोले तो ठीक लगता है।'

### हम अच्छे लोगों को जोड़ेंगे

**एसी छोड़कर बाहर निकले तेजस्वी:** डीपी यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव को जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'समाजवादी कहने वाले आज लोगों को जाति के नाम से संबोधित कर रहे हैं। दिन-रात सिर्फ AC में पड़े रहते हैं। AC से क्यों बाहर नहीं निकल रहे हैं। पहले घोषणा किए थे 15 अगस्त के बाद यात्रा पर निकलेंगे। अब क्यों नहीं निकल रहे हैं। निकल कर देखें तो सच्चाई सामने आ जाएगी। प्रशांत किशोर 2 साल से पदयात्रा कर रहे हैं।'

## अंडरवियर-बनियान में रेस्टोरेंट संचालक की गिरफ्तारी का CCTV फुटेज

**एजेंसी, पटना।**

पटना पुलिस एक रेस्टोरेंट संचालक राकेश रंजन को अंडरवियर-बनियान में ही अपने साथ ले गई। घटना का CCTV फुटेज सामने आया है। पूरा मामला 31 जुलाई का है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने शास्त्री नगर थाने में महेंद्र कुमार के खिलाफ मार्च 2024 में रंगदारी मांगने को लेकर मामला दर्ज करवाया था। 4 महीने तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद अचानक बुधवार 31 जुलाई को शास्त्री नगर थाने की पुलिस छपरा पुलिस के साथ शिवपुरी स्थित आवास पर आरोपी महेंद्र के साथ पहुंची। जबरन मुझे अंडरवियर-बनियान में पूरे मोहल्ले के सामने से मुझे अपने साथ ले गई। रातभर थाने में रखकर सुबह मुझे छपरा पुलिस को सौंप दिया। पीड़ित का कहना है कि मेरे आत्मसम्मान को ठेस पहुंचा है। मैं इसके खिलाफ मानवाधिकार आयोग जाउंगा। वहीं राकेश ने पुलिस पर आरोपी का साथ देने का आरोप लगाया है। राकेश का कहना है कि SC-ST के एक झूठे केस में छपरा पुलिस को सौंपकर मुझे जेल भेज दिया, लेकिन साक्ष्य नहीं होने के कारण छपरा कोर्ट ने एक सप्ताह में ही जमानत दे दिया। इसके बाद से लगातार एक लाख की रंगदारी नहीं देने पर हत्या की धमकी मिल रही है।



♦ पीड़ित ने कहा- रंगदारी मांगने वाले आरोपी के साथ पहुंची थी पुलिस, अब मानवाधिकार आयोग जाउंगा

## 2 महीने बाद दिवाली-छठ, अभी से ट्रेन फुल-फ्लाइट्स महंगी

**एजेंसी, पटना।**

1 नवंबर को दीपावली और 5 नवंबर को बिहार का सबसे बड़ा त्योहार छठ पूजा है। दोनों त्योहार में 2 महीने का समय है, लेकिन इस दौरान बिहार आने वाली लोकप्रिय ट्रेन में आप टिकट लेना चाहेंगे तो नहीं मिलेगी। स्थिति यह है कि कई ट्रेनों में नो रूम है, तो कई में लंबी वेटिंग लिस्ट। रिजर्वेशन विंडो खुलते ही नो रूम हो जा रहा है, मतलब कि इन ट्रेनों में आप वेटिंग टिकट भी नहीं ले सकेंगे। 25 से 31 अक्टूबर और 1 से 6 नवंबर तक बिहार के शहरों में आने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट है। दशहरा से छठ तक कई ट्रेनें में नो रूम है। वहीं हावड़ा, रांची, न्यू जलपाइगुड़ी, लखनऊ से आने वाली वंदे भारत में आसानी से टिकट मिल रहा है। एक तरफ जहां ट्रेन में टिकट नहीं मिल रही है, वहीं पैसेंजर्स की भीड़ को देखते हुए एयरलाइन्स ने किराया बढ़ा दिया है। फेस्टिव सीजन में हवाई जहाज के किराए में 50 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। उसमें भी टिकट मिलने में परेशानी हो रही है।



विक्रमशिला एक्सप्रेस, नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस, डिब्रूगढ राजधानी एक्सप्रेस, मगध एक्सप्रेस, महानंदा एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस, विभूति एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस, उपासना एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस, अमृतसर हावड़ा मेल, ब्रह्मपुत्र मेल, सीमांचल एक्सप्रेस, संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस सहित विभिन्न रेगुलर ट्रेनों में सीटें फुल है।

## 8 सितंबर को हड़ताल पर जाएंगे निगम कर्मी, 2 सितंबर की बैठक में लिए जाएंगे अहम फैसले

**एजेंसी, पटना।**

पटना नगर निगम के कर्मी और सफाई मजदूर 8 सितंबर को हड़ताल करने वाले हैं। ऐसी स्थिति में पूरा पटना फिर से कचरों के अंबार से भर जाएगा। पटना नगर निगम चतुर्थवर्गीय कर्मचारी महासंघ के प्रधान महासचिव नंद किशोर दास ने कहा कि 2 सितंबर को संघ की बैठक होगी। इसमें हड़ताल को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। हड़ताल के पहले निगम कर्मी नगर आयुक्त के सामने प्रदर्शन भी करेंगे। 14 सूत्री मांगों को लेकर करीब 5 हजार कर्मी हड़ताल करने वाले हैं। इन मांगों में दैनिक कर्मी का स्थाईकरण, रिक्त पदों में भर्ती, निजीकरण, ठेका प्रथा समाप्त हो, ठेका पर जो मजदूर बहाल हो रहे हैं वो स्थाई हो, सफाई मजदूरों से 6 घंटे काम करने का समय निर्धारित किया जाए, ड्यूटी के बाद मीटिंग न बुलाई जाए, पर्व-त्योहार में छुट्टी मिले, 30 दिन के बजाय 26 दिन काम लिया जाए बाकी साप्ताहिक अवकाश मिले, सहित अन्य मांगें शामिल हैं।



### पटना की सड़कों पर फैलेगा कचरे का अंबार

**रिटायर्ड-मृत कर्मी के बचे हुए वेतन का हो भुगतान:** नंद किशोर दास ने यह भी बताया कि रिटायर्ड और मृत कर्मी के बचे हुए वेतन का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त ने 20 करोड़ की राशि आवंटित की थी और सभी अंचल को भी भेज दिया था। सभी रिटायर्ड और मृत कर्मी के परिवारों को 15 जून तक वेतन भुगतान करना था, लेकिन नगर आयुक्त ने इस राशि को वापस ले लिया और दूसरे मद में इस्तेमाल कर दिया।

# भाजपा नेता ने बगहा विधान सभा क्षेत्र के सिरिसिया में किया जनसंपर्क

चाणक्यभूमि बगहा

भाजपा नेता श्वेत मणि सिंह उर्फ तुषार सिंह ने बगहा विधान सभा क्षेत्र के ग्रामीण मंडल के सिरिसिया गांव और इनारबरवा में जनसंपर्क किया। भाजपा नेता ने सैकड़ों लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होने जनसमस्याओ को निदान हेतु आश्वासन दिए। इस दौरान उपस्थित लोगो के बीच आगामी 2025 विधान सभा चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल करने पर विचार विमर्श करते हुए चर्चा की।




भाजपा नेता तुषार सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता और अन्य सभी लोगो का सम्मान करना हमारे लिए गौरव का पल होगा। 2025 विधान सभा चुनाव में जनता के परिश्रम का फल हमे विधान सभा चुनाव में प्रचंड जीत दिलाएगी।

आज उसी का देन है,जो देश में एक बार फिर भाजपा सरकार मोदी सरकार आई। उन्होने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता देवतुल्य है। जीते हुए बूथों की जानकारी एकत्रित के साथ कमजोर बूथों को भी सशक्त बनाने की दिशा पर काम किया जाएगा। इस दौरान भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को हर्षोल्लास से मनाया गया

चाणक्य भूमि मोतिहारी (सं सू )

मोतिहारी नगर के कोल्हूअरवा वार्ड नंबर 18 एन एच 28 हनुमान मंदिर के प्रांगण में तथा रामघाट गांधीनगर पोखरा एवं अन्य जगहों पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रकार की मूर्तियां बनाई गई है जिसमें राधा एवं श्री कृष्ण की मूर्ति बहुत ही आकर्षक है। लोग अपने परिवारों एवं संबंधियों के साथ लगे मेलो और प्रदर्शनी को देखने के लिए पहुंच रहे हैं। मेला को लेकर लोगों एवं बच्चों में काफी उत्साह है। अनेक जगह से लोग श्री राधा एवं कृष्ण के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पूजा समिति द्वारा विभिन्न प्रकार के



कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। पूजा समिति के सदस्यों द्वारा कोल्हूअरवा के हनुमान मंदिर में 6 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई है। भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप को देंखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है।

# मशरूम की खेती के लिये माधोपुर में प्रशिक्षण शुरू

चाणकय भूमि मझौलिया

कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर में मंगलवार को ग्रामीण युवक-युवतियों के लिए मशरूम की खेती पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ अभिषेक प्रताप सिंह ने किया।

समन्वयक सौरभ दूबे ने प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन की बुनियादी जानकारी दी ,और ग्रामीण युवाओं को इस क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसरों के बारे में प्रेरित किया।



केंद्र के बागवानी विशेषज्ञ डॉ धीरू तिवारी ने मशरूम की खेती के आर्थिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कम जमीन में अधिक उत्पादन के कारण मशरूम की खेती किसानों के लिए एक लाभकारी व्यवसाय बन गया है। वैज्ञानिक डॉ जगपाल, डॉ चेलपुरी रामुलु,राम रंजन,रीता देवी आदि उपस्थित रहे।






# सात महीने में नहीं हो सका मां बेटी हत्या कांड के उद्भेदन





चाणक्यभूमि बगहा

16 जनवरी को नगर के नारायणपुर बगीचा टोला में अज्ञात अपराधियों के द्वारा मां बेटी की हत्या कर दिये जाने मामले की खुलसा को लेकर एसआईटी टीम का गठन किया गया है। बगहा एस डी पी ओ कुमार देवेंद्र को एसआईटी टीम का मुखिया बनाया गया है। इस सम्बंध में एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि एसआईटी टीम मां बेटी हत्याकांड से जुड़े बिंदुओं पर वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से जांच करेगी और शीघ्र ही इस मामले का खुलासा करेगी।

सात महीने बाद भी हत्याकांड की खुलासा नहीं होने से मृतक शोभा तिवारी का भाई संतोष तिवारी पुलिस पदाधिकारियों के कार्यालय

**» उद्भेदन के लिये एसआईटी का किया गठन,एसडीपीओ को एसआईटी की मिली जिम्मेवारी**

का चक्कर लगा रहा है। मृत शोभा तिवारी के भाई संतोष तिवारी का कहना है कि इस मामले में स्थानीय जन प्रतिनिधियों से लेकर पुलिस पदाधिकारी से मिलकर वह न्याय का गुहार लगा चुका है।गौरतलब हो कि जदयू के भितहा प्रखंड अध्यक्ष विभव राय हत्याकांड के खुलासे के बाद पुलिस पूरी तरह से उत्साहित है। इसी को लेकर एसपी ने विभव राय हत्याकांड उद्भेदन करने वाले एसआईटी टीम को मां बेटी हत्याकांड की खुलासे की जवाबदेही सौंपी है।

# बोलेरो के ठोकर से बाइक सवार 3 युवक जख्मी

चाणक्य भूमी योगापट्टी

लौरिया नरकटियागज मार्ग में मटियरिया मोड़ पर विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो और बाइक के टक्कर में बाइक सवार 3 युवक काफी जख्मी हो गए। 112 की पुलिस गाड़ी द्वारा तीनों युवकों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार ने स्थिति गंभीर देखकर प्राथमिक उपचार के बाद घरेलू की स्थिति गंभीर देखते हुए बेतिया गवर्मेंट अस्पताल रेफर कर दिया।

घायलों की पहचान शिकारपुर थानाक्षेत्र के धूमनगर निवासी विकास चौधरी के पुत्र विजय चौधरी के रूप में हुई है तो दूसरे की पहचान प्रकाशनगर के राजन साह के पुत्र बबलू कुमार और तीसरे घायल की पहचान धोबीटोला के भरत पासवान के पुत्र अभिषेक कुमार के रुप में हुई है। तीनों युवक एक बाइक पर सवार होकर लौरिया नंदनगढ़ घूमने जा रहे थे कि इसी बीच मटियरिया मोड़ पर लौरिया की ओर से आ रही बोलेरो गाड़ी ने उन्हें ठोकर मार दी।

# बगहा से छपवा तक फोर लेन की मिली स्वीकृति



चाणक्यभूमि बगहा

बगहा-बेतिया-छपवा मुख्य मार्ग को फोरलेन बनाने की तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है। सड़क व परिवहन विभाग के द्वारा डीपीआर तैयार किया जा रहा है। इसकी जानकारी सोमवार को केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने बताया कि बगहा से लेकर पूर्वी चम्पारण के छपवा तक फोर लेन सड़क बनेगा। यह सड़क लगभग 87 किलोमीटर लंबा होगा । पथ निर्माण विभाग इसका डीपीआर तैयार कराने के लिए कंसलटेंट का चयन कर रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने आगे बताया कि मदनपुर-पनियहवा एलिवेटेड सड़क के लिए संबंधित विभाग को आवेदन दिया गया है। जिसका निर्माण वन विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र मिलने के बाद हीं शुरु हो पायेगा।

**» इस सड़क के निर्माण से छपवा से बगहा की दूरी तय करने मे लगेगा कम समय**

उन्होंने बताया कि बगहा से पिपरासी के समीप जटहां तक गंडक नदी पर पुल बनेगा जिससे आवागमन में आसानी होगी। बगहा-छपवा फोरलेन प्रकिया में जल्द ही कंसलटेंट के जरिये पूरी लंबाई में सड़क निर्माण कराने के लिए डिटेल रिपोर्ट तैयार करायी जायेगी। इसके तहत कितनी जमीन की आवश्यकता है । कितना जमीन का अधिग्रहण करना पड़ेगा। इसकी विस्तृत डीपीआर रिपोर्ट तैयार करायी जा रही है। डीपीआर प्रकिया के बाद इस सड़क पर लगने वाले सिविल कॉस्ट का भी आकलन कराया जायेगा। सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सरकार से मंजूरी लेकर काम प्रारंभ कराने के लिए टेंडर प्रकिया कराया जायेगा।

# तीसरे दिन नहर मे डूबे युवक का शव मिला

चाणक्य भूमि मैनाटाड़

इनरवा थाना क्षेत्र के सकरौल गांव के समीप दोन नहर में रविवार की शाम डूबे युवक का शव तीसरे दिन मंगलवार को तीन किलोमीटर दूर इनरवा थाना के समीप दोन नहर में मिला । मंगलवार के अहले सुबह नहर में एक शव को उपलते लोगों ने देखा। लोगों ने मामले की सूचना इनरवा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची इनरवा पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को नहर से निकलवाया। तबतक नहर में डूबे मुकेश राउत के परिजन भी इनरवा पहुंच गये। परिजनों ने शव की शिनाख्त मुकेश राउत के रूप में की। तीसरे दिन शव मिलते ही परिजनों में चित्कार मच गया। परिजनों का रोते रोते-रोते बुरा हाल था। मौके पर मौजूद लोगों ने परिजनों को ढांढस बंधाया। इधर इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया गया है। पुलिस मामले मे अग्रतर कार्रवाई कर रही है। उधर सीओ आशीष आनंद ने बताया कि नहर में डूबे युवक के परिजनों को आपदा विभाग से मुआवजा दिलाने के प्रतिवेदन तैयार कर भेजा जा रहा है।जल्द ही मुआवजा परिजनों को दिया जायेगा।









# जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता होगी शुरू

चाणक्यभूमि मधुबनी

खेल विभाग, बिहार राज खेल प्राधिकरण तथा जिला प्रशासन, मधुबनी के तत्त्वावधान में जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता-2024- 25 का आयोजन 02 सितंबर से 05 सितंबर 2024 तक किया जाएगा, इस संबंध में जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में एक बैठक की गई। जिलाधिकारी ने खेल प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु सभी पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया है।

जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 02 सितंबर से 05 सितंबर 2024 तक उच्च विद्यालय पंडौल, उच्च विद्यालय लोहा, आर.के. कॉलेज मधुबनी के खेल मैदान तथा जिला खेल भवन के इंडोर में किया जाएगा, खेल प्रतियोगिता हेतु प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है।



इच्छुक प्रतिभागी जिला खेल भवन से रजिस्ट्रेशन फॉर्म प्राप्त कर 01 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं, सभी इच्छुक प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन फॉर्म के साथ आवश्यक डॉक्यूमेंट योग्यता प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड संबद्ध कर संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य से अग्रसरित कराकर रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करें, अधिक जानकारी के लिए शारीरिक शिक्षक सुनील ठाकुर के मोबाइल नंबर 9973616938 पर संपर्क किया जा सकता है। बैठक में सफलतापूर्वक खेल -कूद प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर मार्च पास्ट समिति, उद्घाटन एवं समापन समिति,प्रेस मीडिया समिति,सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति आदि का किया गठन किया गया।

डीएम ने निर्देश दिया कि सभी कमिटी अभी से क्रियाशील होकर कार्य प्रारंभ कर दे। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय खेल- कूद प्रतियोगिता जिले के प्रतिभाओं विशेषकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रो के प्रतिभाओं के लिए अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का एक अच्छा अवसर है। इसमें सफल प्रतिभागी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने जिले का नाम रौशन कर सकते है।इस बैठक में शामिल डीडीसी दीपेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी परिमल कुमार, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार,डीपीएम शिक्षा,डीपीएम स्वास्थ्य, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सह उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा नीतीश कुमार, प्रशिक्षु जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अमन कुमार आकाश, खेल कार्यालय लिपिक अभिषेक कुमार, शारीरिक शिक्षक सुनील ठाकुर के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तारी



संवाद सूत्र बेतिया

एसटीएफ की विशेष टीम ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर सोनू चौधरी उर्फ आर्यन कुमार को गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि सोनू पर 25 हजार का इनाम था।

इस अपराधी को STF की टीम ने चनपटिया पुलिस के सहयोग से पोखरिया गांव से गिरफ्तार किया है। विगत 24 जनवरी को चनपटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कैथवलिया चौक के समीप जमीन विवाद में सोनू चौधरी और उसके अन्य साथियों ने दिनदहाड़े फायरिंग समेत चनपटिया, मझौलिया और शिकारपुर थाने में आधा दर्जन से अधिक लूट व आर्म्स एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस मुख्यालय ने सोनू की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ का गठन और 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया









# प्रशासनिक सहयोग के लिए जाने जाते हैं कई थाने में साहेब यादव

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र नौतन

प्रशासनिक सहयोग के लिए कई थाने में जान जाते साहेब यादव को पिछले कई सालों से प्रशासनिक सहयोग में निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्य को निर्वाहन पर लगातार प्रशासनिक मेडल से नवाजे जाते हैं।आपको बता दे की नौतन थाना क्षेत्र के मंगलपुर कला पंचायत वार्ड नंबर दो निवासी साहेब यादव पुलिस के परस्पर सहयोग के लिए जाने जाते हैं।वह पुलिस में खुफिया की रोल अदा करता हैं। शराबबंदी को सफल बनाने एवं अपराधियों पर नकेल कसने में इनका अहम भूमिका रहा है।जिससे पुलिस को भी काफी सहूलियत मिली है अपराधियों को पकड़ने एवं शराब माफियाओं से लेकर पियक्कड़ों को पकड़ने तक।साहेब यादव पुलिस के सहयोग में एक ऐसा चेहरा है जिस चेहरे का कई थाने में एक अलग रिकॉर्ड है।

प्रशासनिक सहयोग के लिए जाने-जाने वाले साहेब यादव को 15 अगस्त एवं 26 जनवरी के अवसर पर पिछले कई सालों से प्रशासनिक मेडल से लगातार नवाज जाते हैं। 26 जनवरी के अवसर पर नौतन थाना में थाना




अध्यक्ष खालिद अख्तर के द्वारा प्रशासनिक सहयोग के लिएं मेडल से सम्मानित हुए तो 15 अगस्त के अवसर पर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार के द्वारा मेडल से सम्मानित हुए। यही नहीं कई बार तो दूसरे थाने में भी अपना सहयोग दिखाया है जिससे गोपालगंज थाने से भी यह मेडल से सम्मानित हुआ है।आपको यह भी बता दे की साहेब यादव के बाबा गजाधर यादव बिशनपुर पंचायत के भगवानपुर के चौकीदार थे नौकरी नहीं होने के बावजूद भी साहेब पिछले कई वर्षों से पुलिस प्रशासन की मदद करते आ रहे हैं।

# इलाज के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल की मौत

चाणक्य भूमि बेतिया

सोमवार को अशोक अपनी बहन के घर डुमरी थाना क्षेत्र के खेरवा टोला गया हुआ था। देर शाम लौटने के दौरान घर से कुछ ही दूरी पर वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया।आसपास के लोगों के सूचना पर घायल के परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले गए। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714